आकाशवाणी श्री विजयपुरम

26.08.2025 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में 'मेड इन इंडिया' बैटरी चालित इलेक्ट्रिक वाहन 'ई–विटारा' को झंडी दिखाई और हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड्स निर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया।
- भारतीय संसद की रक्षा मामलों की स्थायी समिति कल से द्वीपसमूह के तीन दिवसीय दौरे पर रहेगी।
- द्वीपसमूह में तेरह सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
- अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित "खेल महोत्सव" की मशाल रिले डिगलीपुर पहुँची।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात में टी.डी.एस लिथियम आयन बैटरी संयंत्र में हाईब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के उत्पादन की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने इसे मेक फॉर द वर्ल्ड की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और यह भी कहा कि यह भारत और जापान के बीच के सहयोग को नया आयाम देगा। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर ई–विटारा, मेड इन इंडिया बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन को हंसलपुर से झंडी भी दिखाई। इस कदम से भारत के इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा और यह पर्यावरणीय लक्ष्यों की ओर महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कदम से भारत और जापान के संबंध और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि यह कदम दोनों देशों के लिए आर्थिक और तकनीकी सहयोग में नई संभावनाओं को जन्म देगा। प्रधानमंत्री ने आज अहमदाबाद में सुजुकी मोटर के संयंत्र में प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान उन्होंने कम्पनी के आगामी इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरी प्रोडक्शन योजनाओं की सराहना की। इस कदम से भारत में बैटरी और इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन में महत्वपूर्ण वृद्धि हो सकती है।

<><><><><><><>

भारतीय संसद की रक्षा मामलों की स्थायी समिति का अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सत्ताईस से तीस अगस्त तक दौरा निर्धारित किया गया है। इस दौरे के दौरान समिति के सदस्य विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा करेंगे और सुरक्षा उपायों पर चर्चा करेंगे। संसदीय स्थायी समिति सत्ताइस अगस्त को NSRY कांफ्रेंस हॉल में 'सशस्त्र बलों का भारतीय तटवर्ती सुरक्षा में योगदान' पर चर्चा में भाग लेगी। इस सत्र के बाद, समिति राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल का दौरा करेगी। दूसरे दिन अट्ठाइस अगस्त को समिति स्वराज द्वीप पहुंचेगी और राधानगर बीच पर सूर्यास्त देखेंगे। दौरे के तीसरे दिन स्वराज द्वीप से एलिफेंटा बीच के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दिन का मुख्य कार्यक्रम समुद्र तटों और ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा होगी। यह दौरा भारतीय तटीय सुरक्षा को लेकर विभिन्न सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय ने अपने पैंतालीसवें स्थापना दिवस को गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। यह अवसर संस्थान की गौरवशाली यात्रा और शिक्षा के क्षेत्र में इसके समर्पण को प्रदर्शित करता है। समारोह की शुरुआत रविवार को महाविद्यालय परिसर में कॉलेज के प्राचार्य द्वारा गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। मुख्य समारोह कल महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस

अवसर पर महाविद्यालय की पैंतालीस वर्षों की यात्रा पर आधारित एक विशेष वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया गया, जिसमें संस्थान की स्थापना से लेकर द्वीपसमूह में एक अग्रणी शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र बनने तक के प्रेरणादायक सफर को दर्शाया गया।

<><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में तेरह सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पोर्ट ब्लेयर, मायाबंदर, डिगलीपुर और कैंपबेल बे में होगा। इस अदालत में शमनीय और मुकदमे–पूर्व विवादों जैसे कि धन वसूली, श्रम विवाद, बिजली–पानी बिल, भरण–पोषण और उपभोक्ता विवादों का निपटारा किया जाएगा। आम नागरिकों को चार सितंबर तक अपने विवादों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पोर्ट ब्लेयर में प्रस्तुत करने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित "खेल महोत्सव" की मशाल रिले कल सुबह डिगलीपुर के राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीतानगर पहुँची। मशाल का नेतृत्व सहायक निदेशक (खेल) वी. रंजीत कुमार ने किया। विद्यालय के छात्रों ने "हर गली – हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तान" के नारों के साथ मशाल का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने बताया कि छात्रों में खेलों को लेकर उत्साह तेजी से बढ़ रहा है और समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्कूल में खेल सुविधाएँ भी सुदृढ़ की जा रही हैं। सहायक निदेशक वी. रंजीत कुमार ने छात्रों से कहा कि खेल अनुशासन और व्यक्तित्व विकास का माध्यम हैं। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डिगलीपुर की प्रधानाचार्या डॉ.पुष्पावल्ली ने इस पहल को ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। मशाल रिले सीतानगर पंचायत कार्यालय होते हुए स्वराजग्राम, मधुपुर, लक्ष्मीपुर और मिलनग्राम विद्यालयों की ओर अग्रसर हुई, जहाँ छात्रों और जन प्रतिनिधियों ने उत्साह के साथ इसका स्वागत किया।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के शहीद द्वीप, स्वराज द्वीप और ननकौड़ी क्षेत्रों में स्वरोजगार के लिए बैंक ऋण और सरकारी सब्सिडी उपलब्ध है। इस योजना के अंतर्गत विनिर्माण इकाइयों के लिए पच्चीस लाख रुपये और सेवा अथवा व्यापार इकाइयों के लिए दस लाख रुपये तक का ऋण के साथ ही, पन्द्रह प्रति□ात से पैंतीस प्रति□ात तक की सब्सिडी दी जाती है। पात्रता के लिए न्यूनतम आयु अट्ठारह वर्ष और कुछ परियोजनाओं के लिए पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग केंद्र, मिडिल प्वाइंट से संपर्क करें।

<><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह – भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, अंडमान और निकोबार क्षेत्रीय केंद्र द्वारा विश्व ओजोन दिवस दो हजार पच्चीस के अवसर पर "विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई तक" विषय के अंतर्गत एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता शिक्षकों, अनुसंधान विद्वानों, कॉलेज के छात्रों तथा स्कूली बच्चों के लिए खुली है। प्रतियोगिता का आयोजन तेरह सितंबर सुबह ग्यारह बजे से दोपहर दो बजे तक भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, हैड्डो, श्री विजयपुरम में किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और ओजोन परत की सुरक्षा के महत्व को जागरूक किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए भारतीय प्राणी सर्वेक्षण विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

प्रथम अंडमान एवं निकोबार अंतर्राष्ट्रीय फिडे रेटेड ओपन शतरंज टूर्नामेंट दो हजार पच्चीस का पाँचवाँ राउंड कल सुबह डॉलीगंज स्थित जलसा हॉल में खेला गया। राउंड का शुभारंभ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के निदेशक, देवेन्दर यादव ने कर्नाटक के लीलाजय कृष्णा एन और गुजरात के मास्टर जिहान के बीच शीर्ष बोर्ड पर पहली चाल चलकर किया। अपने उद्घाटन संबोधन में श्री यादव ने खिलाड़ियों को बाधाओं के बावजूद साहस, समर्पण और धैर्य के साथ खेलने की प्रेरणा दी। टूर्नामेंटमें भारत के बीस राज्यों के लगभग तीन सौ पचास खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त श्रीलंका, नेपाल और अमेरिका से आए प्रतिभागियों ने इस आयोजन को अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया है। कुल पुरस्कार राशि सात लाख रखी गई है, जो शीर्ष विजेताओं को प्रदान की जाएगी।

<><><><><><><>